# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 7 अप्रैल, 2016/18 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 33**

----

### हैलीपैड का निर्माण

***3268 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार द्वारा कोई नया हैलीपैड बनाने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो क्या इसके निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है और इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

### Supply of LPG

***3269 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) what are the norms in respect of distance & frequency for plying the vehicles to supply the LPG to the rural areas;

(b) whether the norms are being followed in Nalagarh Assembly Constituency;

(c) whether the LPG supplied in Nalagarh town includes the expenses of home delivery; if so, whether the LPG is supplied at the doorsteps of all the consumers of Nalagarh town; and

(d) if not, the reasons thereof?

----

## लुमिनस उद्योग द्वारा प्रदूषण

***3270 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में लुमिनस उद्योग और उसकी इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण और एसिड से लोगों को नुकसान हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इनकी जांच हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं और क्या ये यूनिट सरकार द्वारा निर्धारित प्रदूषण मापदंडों को पूरा करते हैं; ब्यौरा दें?

----

## कूहलों का निर्माण

***3271 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग के भू-संरक्षण अनुभाग द्वारा कितनी कूहलों का निर्माण किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) भू-संरक्षण अनुभाग द्वारा और कितनी कूहलों के निर्माण की योजना है?

----

## फौसिल पार्क

***3272 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सिरमौर के अन्तर्गत सकेती "फौसिल पार्क " का निर्माण किस वर्ष किया गया ; यह किसके द्वारा संचालित है तथा इस पर कितनी धनराशि प्रति वर्ष व्यय की जाती है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि वर्ष 2016 में इस पार्क में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो कार्यक्रम कब होगा; ब्यौरा दें; और

(ग)सरकार क्या इस पार्क के रख-रखाव व इसकी सड़क को बेहतर बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## विज्ञापन से आय

***3273 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा बसों पर विभिन्न फर्मों/कम्पनियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए विज्ञापन प्रदर्शित कर कितनी धनराशि अर्जित की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) विज्ञापन का कार्य किस फर्म/एजेंसी के माध्यम से करवाया गया या निगम ने स्वयं अपने स्तर पर किया हैं; ब्यौरा फर्म/एजैंसी के नाम व पते सहित दें?

----

## पुल निर्माण

***3274 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तरसूह सकौट को जाने वाले पुल का निर्माण किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस पुल से आगे कांगड़ा मन्दिर, रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर बनने वाले पुल के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## कर्मचारियों/अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

***3275 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सतलुज जल विद्युत निगम (SJVNL) का प्रदेश सरकार के साथ कर्मचारियों/अधिकारियों को रखने हेतु कोई अनुबन्ध(Agreement) हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कितने प्रतिशत कर्मचारियों/अधिकारियों को HPSEB में प्रतिनियुक्ति पर रखने का प्रावधान है;

(ग) वर्तमान में कितने प्रतिशत कर्मचारी/अधिकारी SJVNLमें HPSEB से प्रतिनियुक्ति पर हैं; और

(घ) HPSEB में अधीक्षण अभियन्ता (SE) को प्रतिनियुक्ति के पश्चात् SJVNL में किस पद पर नियुक्ति दी गई; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का आबंटन

***3276 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में लोक निर्माण मण्डल घुमारवीं को कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) दिनांक 31-1-2016 तक इस में से कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इस मण्डल की कितनी देनदारी है; ब्यौरा मण्डल व उप-मण्डलवार दें ?

----

## जोगिन्द्रनगर बस अड्डा

***3277 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में जोगिन्द्रनगर बस अड्डे की हालत दयनीय है; और

(ख) यदि हां, तो बस स्टैंड मैनेजमैंट प्राधिकरण ने इसके सुधार के लिए क्या पग उठाए हैं तथा इस अड्डे का पुनः निर्माण कब तक कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## आवास आबंटन रद्द करना

***3278 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सामान्य प्रशासन विभाग के सामान्य पूल से शिमला स्थित कुछ विभागों के कर्मचारियों के आवास आबंटन के मामले इस आधार पर रद्द किए जाते हैं कि उन विभागों के अपने पूल हैं;

(ख) यदि हां, तो गत वर्ष ऐसे कितने मामले रद्द किये गये; ब्यौरा कर्मचारी के नाम का विभाग सहित दें;

(ग) शिमला शहर में किस-किस विभाग के पूल में कितने-कितने आवास हैं , क्या वे आवास Type-I व Type-II की पात्रता को पूरा करते हैं; ब्यौरा श्रेणीवार विभागशः दें;

(घ) यह भी सत्य है कि सरकारी आवासों की मरम्मत (रंग-रोगन) इत्यादि द्वि-वार्षिक आधार पर की जाती है; और

(ड.) यदि हां, तो यह किस विभाग द्वारा किस आधार पर की जाती है; पॉलिसी सभा पटल पर रखें?

----

## 132 के0वी0 स्टेशन

***3279 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 132 के0वी0 स्टेशन स्वीकृत हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस पावर स्टेशन के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## आरक्षियों की पदोन्नति

***3280 श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पुलिस विभाग में आरक्षी से मुख्य आरक्षी की पदोन्नति हेतु B1 टैस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है;

(ख) यदि हां, तो जो आरक्षी यह टैस्ट पास नहीं कर पाते उनकी पदोन्नति हेतु क्या प्रावधान है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार आरक्षियों के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## ट्रांसपोर्ट नगर

***3281 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में परिवहन नगर का निर्माण करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर भूमि का चयन किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## पशु चिकित्सकों की रिक्तियां

***3282 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि रोहड़ू उप-मण्डलीय पशु चिकित्सालय के अन्तर्गत कितने अस्पताल व वेटरिनरी डिस्पैंसरियों में वेटरिनरी ऑफिसर्ज के पद रिक्त हैं; और

(ख)सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## किराये में बढ़ौतरी

***3283 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा डिपो होल्डरों को खाद्य सामग्री को चढ़ाने और उतारने के लिए प्रभार (Charges) प्रदान किया जा रहा है; यदि हां, तो दरें निर्धारित करने हेतु क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन दरों को कब तक बढ़ाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सेवानिवृत्ति आयु सीमा में बढ़ौतरी

***3284 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 58 वर्ष से 60 वर्ष करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) सरकार क्या कम सेवाकाल वाले कर्मचारियों हेतु 33 वर्ष की सेवा काल या 60 वर्ष की आयु सीमा के सिद्धान्त पर भी विचार करेगी?

----

## जलवाहकों की नियुक्ति

*3285 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नियम-12 के अन्तर्गत स्कूलों में मुख्य मंत्री द्वारा Part time water carrier की नियुक्ति की जाती है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने Part time water carriers नियुक्त किए गए; ब्यौरा दें?

----

## अग्निशमन केन्द्र

*3286 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नदौन में अग्निशमन केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है;

(ग) यह भूमि कहां व कितनी है और क्या विभाग के नाम पर कर दी गई है; और

(घ) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

----

## खीर गंगा घाट

*3287 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पर्यटन विभाग द्वारा खीर गंगा घाट बैजनाथ के निर्माण हेतु 35 लाख रू0 की धनराशि स्वीकृत की गई थी; और

(ख) यदि हां, तो यह धनराशि किस कार्य हेतु खर्च की गई; ब्यौरा दें?

----

## जल विद्युत परियोजनाएं

*3288 **श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जल विद्युत उत्पादन के कितने प्रोजैक्टस को एक्सटेंशन दी गई

जिनकी समयावधि समाप्त हो चुकी थी तथा कितने नए प्रोजैक्टस की स्वीकृति दी गई; ब्यौरा प्रोजैक्ट के नाम, स्थान, क्षमतानुसार दें;

(ख) सरकार को इन प्रोजैक्टों को एक्सटेंशन देने के कारण क्या-क्या लाभ हुआ; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में कितनी पन बिजली का दोहन किया गया तथा प्रदेश में कितनी बिजली इन परियोजनाओं से मिल रही है?

----

## प्राध्यापकों की अनुबन्ध पर नियुक्ति

*3289 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या राजकीय महाविद्यालय व संस्कृत महाविद्यालय में PTA आधार पर नियुक्त प्राध्यापकों को भी दूसरे अध्यापकों की तर्ज पर अनुबन्ध (Contract) पर रखने हेतु विचार करेगी?

----

## चिन्तपुरनी-तलवाड़ा सड़क

*3290 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) देहरा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत चिन्तपुरनी-तलवाड़ा सड़क को Central Road Fund के अन्तर्गत स्तरोन्नत करने का मामला भारत सरकार (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्रालय) को स्वीकृति हेतु कब भेजा गया; और

(ख) भारत सरकार की ओर से इस बारे क्या कार्रवाई की गई तथा इस सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## Ciddi-Tauni Devi Link Road

*3291 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether link road to Village Ciddi (सीढ़ी) in Tauni Devi PWD Division is under construction; and

(b) if so, give the physical and financial achievement head-wise and work/RD-wise till 31st January, 2016?

----

## कम्प्यूटर शिक्षक

*3292 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कम्प्यूटर शिक्षक outsourcing के माध्यम से विभिन्न पाठशालाओं में कार्यरत हैं; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यदि हां, तो कितने-कितने वर्ष से; सरकार इन शिक्षकों को नियमित करने हेतु नीति बनाने का विचार रखती है?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

*3293 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2013 से 31-01-2016 तक कितनी पेयजल और सिंचाई योजनाओं को अनुसूचित जाति उप-योजना (SCSP) में डाला गया; विवरण दें; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण कर दिया है और कितनी का कार्य शेष है; विवरण दें ?

----

## टैट (TET) से छूट

*3294 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 23 अगस्त, 2010 को जारी राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना अनुसार प्रदेश में अध्यापकों की नियुक्ति हेतु पात्रता आदेशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस अधिसूचना की तिथि से पूर्व टी0जी0टी0 पास जे0बी0टी0/सी एण्ड वी अध्यापकों को टी0जी0टी0 की पदोन्नति हेतु टैट से छूट दी जा रही है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार क्या शिक्षा परिषद की अधिसूचना अनुरूप प्रदेश में जे0बी0टी0/सी एण्ड वी अध्यापक जिन्होंने 23 अगस्त, 2010 से पूर्व टी0जी0टी0की परीक्षा उत्तीर्ण की है और टैट पास नहीं हैं की नियमानुसार पदोन्नति करने का विचार रखती है ?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***3295 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) लोक निर्माण विभाग के मण्डल जोगिन्द्रनगर के अधीन कस-पटोलू, कुट-खेतड़ू-चांदनी और खद्दर-राहड़-रांगरा-भरगाई-सलहून श्रैम्बली सड़कों की एफ0सी0ए0 क्लीयरेन्स के लिए विभाग ने क्या पग उठाए हैं; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## क्षेत्रीय विकेन्द्रीकरण योजना

***3296 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा जिला कुल्लू को क्षेत्रीय विकेन्द्रीकरण योजना (Sectoral Decentralized Planning) के अन्तर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई; और

(ख) इस अवधि में मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस विकास कार्य पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें ?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

***3297 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता में पुलों व सड़कों की डी0पी0आर0 तैयार नहीं की गई है; यदि हां, तो इनकी डी0पी0आर0 कब तक तैयार की जायेगी; और

(ख) सरकार इनकी स्वीकृति कब तक प्रदान करने का विचार रखती है ?

----

## Nalagarh-Ramshehar Diggal Road

***3298 Sh. Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**
**Sh. Govind Ram Sharma(ARKI) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the present status of proposed widening & strengthening of

Nalagarh-Ramshehar-Diggal road under National Industrial Corrider;

(b) by when the notification for the above said road will be issued;

(c) what steps the State Government is taking to get it sanctioned under said programme; and

(d) if the same is not possible whether the State Government will get it approved as National Highway?

----

## दोषी के विरूद्ध कार्रवाई

***3299 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में जिला हमीरपुर के राजकीय उच्च विद्यालय जीवाणी का किचन शैड किसी के द्वारा गिरा दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो यह किसके द्वारा गिराया गया तथा दोषी के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में विद्यालय के बच्चों हेतु खाना कहां बनाया जा रहा है और क्षतिग्रस्त किचन शैड कब तक बनकर तैयार हो जायेगा ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***3300 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1.4.2015 से 31.1.2016 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल हमीरपुर के अन्तर्गत सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्डपम्प स्थापित किये गए;

(ख) इनमें से कितने हैण्डपम्प कब-कब से खराब हैं; और

(ग) इनको कब तक ठीक कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 22 मार्च , 2016 .** **सचिव।**